**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**28 जून 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने विचारों, दर्शन और ज्ञान के कारण ही हजारों वर्षों से शाश्वत बना हुआ है।
- श्री मोदी ने जैन संत आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती पर विशेष डाक टिकट ओर स्मारक सिक्का जारी किया ।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी नरसिम्हा राव की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।
- प्रधानमंत्री मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कि सरकार ने पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति वर्ग को सम्मान मिला है ।

******************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने विचारों, दर्शन और ज्ञान के कारण ही हजारों वर्षों से शाश्वत बना हुआ है। आज नई दिल्ली में प्रख्यात जैन संत आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100पीं जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत, दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है और इस शाश्वत दर्शन का स्रोत, देश के ऋषियों, संतों और आचार्यों में निहित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आचार्य विद्यानंद मुनि इस प्राचीन भारतीय परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ हैं।

श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार देश के सांस्कृतिक धरोहरों और तीर्थ स्थलों का भी विकास कर रही है।

***हम भारत की प्राचीन पांडुलिपियों को डिजिटाइज करने का अभियान भी चला रहे हैं। इसमें बहुत बड़ी मात्रा में जैन धर्म ग्रंथों और आचार्यों से जुड़ी पांडुलिपियां शामिल हैं। अब हम हर एजुकेशन में भी मातृ भाषा को ब▯ावा देते हैं और इसलिए मैंने लालकिले से कहा है कि हमें देश को***

***गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलानी है। हमें विकास और विरासत को एकसाथ लेकर आगे ब�ना है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सेवा और मानवता के प्रति समर्पित देश है। उन्होंने कहा कि विश्व में जब हजारों वर्षों तक हिंसा को हिंसा से शांत करने के प्रयास हो रहे थे, तब भारत ने विश्व को अहिंसा की शक्ति का बोध कराया। प्रधानमंत्री ने नौसंकल्पों पर भी जोर दिया।

***मैं उन नौ संकल्पों को फिर से आपके साथ साझा करना चाहता हूं। पहला संकल्प पानी बचाने का है। दूसरा संकल्प एक पेड़ मां के नाम, तीसरा संकल्प स्वच्छता का, चौथा संकल्प वॉकल फोर लोकल, पांचवा संकल्प देश का दर्शन, छठा संकल्प नेचुरल फार्मिंग अपनाने का, सातवां संकल्प हेल्दी लाइफ स्टाइल का, आठवां संकल्प खेल और योग दोनों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है, नौवा संकल्प गरीब की मदद करना। हम इन नौ संकल्पों पर काम करेंगे, तो आचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज जी को और उनकी शिक्षाओं को भी ज्यादा सशक्त करेंगे।***

इस अवसर पर विशेष डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया गया।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। देश के विकास को आकार देने में उनकी भूमिका को याद करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनके प्रभावी नेतृत्व के लिए राष्ट्र उनका आभारी है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी बुद्धि और ज्ञान तथा अच्छे स्वभाव की आज भी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी।आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

*******************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने कल हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को हर बूथ पर सुनने की तैयारियां की हैं। इसको लेकर हाल ही में पंचकूला में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में एक कार्यालय का आयोजन भी किया गया

था। आज अंबाला में हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए बताया कि श्री मोदी इस कार्यक्रम के माध्यम से देश को आगे ले जाने व विकसित बनाने के लिए नए-नए विचार रखते हैं।

**************************************************************************

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।**

**************************************************************************

हरियाणा के भिवानी में 13 जुलाई को राज्य स्तर पर महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके साथ-साथ कार्यक्रम में मंत्रीगण, विधायकगण व अन्य गणमान्य लोग विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्रीभी शामिल होंगे।जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आज अम्बाला छावनी में एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए लोगों को समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया ।

श्री गंगवा ने कहा -

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निरंतर संत व महापुरुष को मान-सम्मान देने का काम कर रही है एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि हरियाणा में लगभग 14300 किलोमीटर सडक़ों पर जो गड्ढे थे उन्हें दुरूस्त करने का काम किया गया है। इसके साथ-साथ लगभग 5000 किलोमीटर जो सडक़ें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त थी उन्हें भी ठीक करने का काम किया जा रहा है। मानसून के सीजन को ध्यान में रखते हुए जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सीवरेज व्यवस्था को और बेहतर करने तथा लोक निर्माण विभाग को सडकों के साथ-साथ जो नाले हैं उन्हें ठीक करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

************************************************************************

हरियाणा कैडर की 2012 बैच की पुलिस अधिकारी श्रीमती स्मिति चौधरी का कल महाराष्ट्र के नासिक में आकस्मिक निधन हो गया है। वो वर्तमान में अंबाला में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थीं, हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर सहित

समस्त हरियाणा पुलिस परिवार ने स्व. स्मिति चौधरी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में सब उनके परिवार के साथ है, उनका निधन पुलिस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की है ।

*************************************************************************

पूर्व मंत्री मूल चंद शर्मा ने कल फरीदाबाद और वल्लभ गढ़ के लिए मंजूर की गई राशि और परियोजनाओं के लिए सरकार का धन्यवाद किया है ।

**************************************************************************

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने इस सत्र में पांच नए कोर्स शुरू करने की घोषणा की है। सभी कोर्स रोजगारपरक हैं। इससे विद्यार्थियों के लिए नए अवसर खुलेंगे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार ने बताया कि साथ ही इसी सत्र से कोरियन भाषा का प्रोग्राम भी शुरू होगा। कुलपति ने बताया कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय जल्दी ही कई अन्य कोर्स शुरू करने पर विचार कर रहा है।

**************************************************************************

पलवल में मुंडकटी थाना पुलिस ने 5 किलो ग्राम 450 ग्राम डोडा चुरा पोस्त एवं 100 ग्राम अफीम सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने बताया कि महेश नाम का यह आरोपी पलवल-होडल मार्ग पर ढाबा चलाता है।बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

**************************************************************************

रोहतक में आयोजित की गई 6वीं जूनियर बॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक व बेहतरीन मुक्केबाज का खिताब जीतने वाली भिवानी की द्रोणाचार्य कैप्टन हवा सिंह बॉक्सिंग अकादमी की महिला मुक्केबाज दिया शर्मा अगले माह चीन में आयोजित होने वाली जूनियर इंटरनेशनल प्रतियोगिता भाग लेगी।उनके कोच संजय श्योराण ने बताया कि दिया ने 5 वीं नेशनल प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। पिछले वर्ष जूनियर एशियन में भी उसने रजत पदक जीता था।

*********************************************************************